# केरल में बढ़ रहा खसरा का प्रकोप

drishtiias.com/hindi/printpdf/measles-surge-in-kerala

## चर्चा में क्यों?

पिछले कुछ वर्षों के दौरान दुनिया भर में खसरे का प्रकोप तेज़ी बढ़ा है। ध्यातव्य है कि भारत भी इसके प्रकोप से अछूता नहीं है। आँकड़ों की माने तो जनवरी 2019 के पश्चात् केरल में खसरा काफी तेज़ी से फैला है।

## प्रमुख बिंदु

- केरल में हर साल खसरे के लगभग 600 से ज़्यादा मामले सामने आते हैं किंतु इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही इतने मामले सामने आए हैं।
- ऐ खसरा, बचपन में होने वाली एक बीमारी रही है किंतु बड़े लोगों के बीच इसका बढ़ना नई चुनौतियाँ पैदा कर रहा है। ये चुनौतियाँ विशेष रूप से समाज के सुभेद्य वर्ग जैसे- गर्भवती महिलाओं और कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले रोगियों (एचआईवी, कैंसर, अंग प्रत्यारोपण की स्थिति में) के लिये घातक साबित हो सकती हैं।
- खसरे के पहले टीके के लिये की नौ महीने उम्र निर्धारित की गई है क्योंकि तब तक गर्भाशय से शिशु में स्थानांतरित मातृ एंटीबॉडी संरक्षण प्रदान करता है।
- राष्ट्रीय खसरा उन्मूलन रणनीति के एक हिस्से के रूप में 2010-18 में 15-18 महीनों में एक अनिवार्य दूसरी खुराक शुरू की गई थी, ताकि बेहतर प्रतिरक्षा सुरक्षा प्रदान की जा सके।
- स्वरूप बदलती यह महामारी न केवल अज्ञात चुनौतियाँ सामने ला रही है, बल्कि वयस्क टीकाकरण नीति की प्रासंगिक मांग पर भी ध्यान आकर्षित कर रही है।
- गौरतलब है कि खसरा नियंत्रण हेतु मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण के उपाय किये गए हैं।

## खसरा क्या है?

- खसरा (Measles) श्वसन प्रणाली में वायरस, विशेष रूप से मोर्बिलीवायरस (Morbillivirus) के जीन्स पैरामिक्सोवायरस (Paramicovirus) के संक्रमण से होता है।
- मोर्बिलीवायरस भी अन्य पैरामिक्सोवायरस की तरह ही एकल असहाय, नकारात्मक भावना वाले RNA वायरस द्वारा घिरे होते हैं।
- इसके लक्षणों में बुखार, खाँसी, नाक का बहना, लाल आँखें और एक सामान्यीकृत मेकुलोपापुलर एरीथेमाटस चकते भी शामिल हैं।
- शुरुआती दौर में मस्तिष्क की कोशिकाओं (Brain Cell) में सूजन आ जाता है और बाद में समस्या के गंभीर होने पर कई सालों बाद व्यक्ति का मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो जाता है।

## मिशन इन्द्रधनुष

मिशन इन्द्रधनुष (Mission Indradhanush) अभियान का आरंभ 25 दिसम्बर, 2014 को किया गया था।




इस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित बीमारियों हेतु टीकाकरण उपलब्ध कराया गया है-

- डिप्थीरिया (Diphtheria)
- पेट्यूसिस (Pertussis)
- टेटनस (Tetanus)
- पोलियो (Polio)
- खसरा (Measles)
- बचपन के तपेदिक का गंभीर रूप (Severe form of childhood Tuberculosis)
- हेपेटाइटिस बी (Hepatitis B)
- मेनिनजाइटिस (Meningitis) और निमोनिया (Pneumonia) [हेमोफिलस इन्फ्लूएंजा टाइप बी संक्रमण (Hemophilus influenza type B infections)]
- जापानी एन्सेफेलाइटिस (Japanese Encephalitis) स्थानिक ज़िलों में
- रोटवायरस टीका (Rotavirus Vaccine)
- IPV जैसे नए टीके
- वयस्क जेई टीका (Adult JE Vaccine)
- न्यूमोकोकल संयुग्म टीका (Pneumococcal Conjugate Vaccine – PCV)
- खसरा-रूबेला टीका (Measles-Rubella Vaccine)

## स्रोत- द हिंदू